हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

4 विजय अग्रवाल छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के चुने गए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर



# ओडीएफ जिले में महिलाओं ने उठाई शौचालय निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण अंचलों में शत प्रतिशत शौचालय निर्माण कर पुरस्कार जीतने वाले स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों पर सुशासन तिहार के शिविर में आने वाले आवेदनों से सवाल खड़े हो गए हैं। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में लग रहे शिविर के दौरान शौचालय निर्माण के लिए आवेदन पहुंच रहे हैं।

अलग खबर

ग्रामीण अंचलों में स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा ग्रामीणों के घरों में शत प्रतिशत शौचालय का निर्माण कर ओडीएफ घोषित किया गया। इससे जाहिर होता है कि जिन ग्रामों को ओडीएफ घोषित किया गया है वहां हर घरों में शौचालय का निर्माण हो चुका है। कोरबा जिला भी ऐसे ही जिलों में शामिल है जिसे ओडीएफ घोषित किया गया है किंतु उसके बावजूद ग्रामीण अंचलों में शत प्रतिशत शौचालय निर्माण नहीं होने के मामले और इसकी शिकायतें भी समय समय पर सामने आई है। वर्तमान में सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे शिविरों में तमाम तरह के आवेदन आ रहा है। कोई पक्का मकान मांग रहा है तो कोई सीसी रोड मांग रहा है तो कोई शौचालय निर्माण के लिए आवेदन दे रहा है। विकासखंड पाली के ग्राम तिवरता में सुशासन तिहार के दौरान लगाए गए शिविर में ग्राम सिरकी खुर्द निवासी श्रीमती शांतिबाई एवं तिवरता निवासी श्रीमती ललिता बाई, अमृता बाई एवं रेखा साहू ने शिविर में आवेदन देकर पक्का मकान के साथ शौचालय निर्माण की भी मांग की है। इससे जाहिर होता है कि ग्राम सिरकीखुर्द और तिवरता में शत प्रतिशत घरों में स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय का निर्माण नहीं हुआ है।

## शिविर में शौचालय निर्माण के मिले आवेदनों से हुआ खुलासा

**खास बातें**
- तिवरता एवं सिरकीखुर्द की महिलाओं ने दिए आवेदन
- सुशासन के तिहार में गांव गांव लगाए जा रहे शिविर



## पड़ोसी जिले सक्ती रेड़ा से छठी कार्यक्रम में शामिल होने खरहरी जा रहा था परिवार

# तेज रफ्तार पिकअप गिरी नहर में, एक का शव बरामद, दो मासूम सहित 4 लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले के सक्ती रेड़ा से लगभग 2 दर्जन लोग छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा खरहरी आ रहे थे कि तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में पलट गयी। हादसे के होते ही मौके पर अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। वाहन में सवार लगभग 19 लोग तैर कर नहर से सुरक्षित बाहर आ गए लेकिन 5 लोग लापता हो गए। आनन फानन में पुलिस की मदद से रेस्क्यू आपरेशन शुरू कर नहर में बहे महिला और बच्चों की तलाश गोताखोरो की मदद से की जा रही थी। देर शाम को एक महिला का शव पड़ोसी जिले से बरामद कर लिया गया है। जबकि 4 लोग अभी भी लापता हैं। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है।

जानकारी के अनुसार पड़ोसी जिला सक्ती थाना बाराद्वार के ग्राम रेड़ा निवासी लगभग 25 लोग पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 10 सी 7720 में सवार होकर रविवार की सुबह छठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरहरी ⏭ शेष पेज 2 पर

**खास बात**
- उरगा थाना के ग्राम मुकुंदपुर के पास गिरी है पिकअप, रेस्क्यू ऑपरेशन है जारी



नहर से पिकअप वाहन को बाहर निकालते हुए।



नहर में लापता लोगों को तलाश करती गोताखोरों की टीम।

### नहर में पानी की रफ्तार की गई कम

नहर में पिकअप वाहन के पलटने के बाद स्थानीय गोताखोर व जिला मुख्यालय से पहुंची पुलिस की टीम सुबह से देर शाम तक लापता लोगों की नहर में खोजबीन करती रही लेकिन एक का शव बरामद कर लिया गया है लेकिन 4 अभी भी लापता हैं। प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों के निर्देश पर जल संसाधन विभाग ने नहर की रफ्तार कम कर दी है। बताया जाता है कि सुबह 11 बजे नहर में लगभग 1400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था जबकि देर शाम को इसकी रफ्तार कम करके 374 क्यूसेक की गई है ताकि लापता लोगों को खोजबीन किया जा सके। देर शाम तक पता नहीं चलने पर रेस्क्यू ऑपरेशन को रोक दिया गया है अब फिर से सोमवार की सुबह से लापता लोगों की खोजबीन के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जाएगा।

### ये सभी निकले सुरक्षित

बताया जाता है कि पिकअप वाहन में लगभग 25 लोग सवार थे। हादसे के होते ही लोगों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। घटना का सुखद पहलू रहा कि लगभग सभी ग्रामीणों को तैरना आता था जो पिकअप वाहन से बाहर आ गए और तैर कर सीधे नहर से बाहर आ गए। नहर से बाहर आए लोगों में मुख्य रूप से ग्राम रेडा निवासी संतोषी बाई 35 वर्ष, ज्वाला बाई 55 वर्ष, गणेश बाई 50 वर्ष, ममता बाई कंवर 26 साल, मेंम बाई 45 वर्ष, हरमती साहू 65 वर्ष, दयामती साहू 50 वर्ष, सुशीला कंवर 55 वर्ष, हरबचन कंवर 20 वर्ष, आकाश सिंह कंवर 14 वर्ष, विकास सिंह 13 वर्ष, तिलेश्वर 8 वर्ष, विद्या कंवर 18 वर्ष, नरेंद्र कंवर 12 वर्ष, हरिकिशन, प्रताप कुमार, अरविंद यादव, रजनी कंवर, दीपिका कंवर, चालक प्रहलाद दास 19 वर्ष शामिल हैं जो सभी लोग सुरक्षित बाहर आ चुके हैं।

### जेसीबी और ट्रैक्टर से खींचकर निकाला गया बाहर

हादसे के होते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस के आला अधिकारियों को दी। हादसे की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी टीम लापता लोगों की खोजबीन में जुटी रही तो वहीं नहर में डूबे पिकअप वाहन को निकालने की भी कवायद शुरू की गई। जहां उरगा से जेसीबी वाहन, ग्रामीणों के ट्रैक्टर वाहन को मंगाया गया और रस्सी खींचकर पिकअप वाहन को किसी तरह बाहर निकल गया लेकिन पिकअप वाहन में किसी का भी कुछ पता नहीं चल पाया।

# पटवारी हल्कों में शुरु हुई नए पटवारियों की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजस्व व्यवस्था को दुरूस्थ करने और तीन वर्ष से अधिक समय तक एक ही हल्के में पदस्थ रहने वाले पटवारियों के स्थानांतरण जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। इस प्रक्रिया में पहली बार एक साथ 125 पटवारी प्रभावित हुए थे। अब इन पटवारियों के पदस्थापना पटवारी हल्कों में किया जाने लगा है। सभी तहसील मुख्यालय में स्थापना आदेश जारी किए जा रहे हैं।

स्थानांतरण में ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय के कोरबा तहसील कार्यालय के पटवारी हल्कों में पदस्थाना के लिए जोर आजमाईश शुरु हो गई है। स्थानांतरण की इस प्रक्रिया से ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ पटवारियों को जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में पदस्थ करने की कवायद हुई थी। इसमें मलाईदार हल्के में पदस्थापना हेतु जोर आजमाईश करने लगे हैं। स्थानांतरण की इस प्रक्रिया में तीन वर्ष से अधिक समय से जमे पटवारियों को बदला गया है।

तहसील कार्यालय कोरबा के अभी भी कई ऐसे हल्के हैं जो मलाईदार हल्के के रुप में पहचाने जाते हैं। वहां पदस्थ पटवारियों को तीन वर्ष का समय नहीं हुआ है। ऐसे में इन हल्कों के पटवारी स्थानांतरण की प्रक्रिया से बच गए हैं। शेष हल्कों में लंबे समय से जमे पटवारियों को हटाने के बाद रिक्त हल्कों में नए पटवारी पदस्थ किए जा रहे हैं।

**खास बातें**
- 125 पटवारियों के स्थानांतरण से सभी तहसील के हल्के हुए थे प्रभावित
- ग्रामीण क्षेत्रों से जिला मुख्यालय के तहसीलों में पदस्थ हुए पटवारी

### कोरबा तहसील तहसीलदार विहिन

कोरबा तहसीलदार के एक प्रकरण की वजह से जिला मुख्यालय से बाहर रहने के कारण बीते चार दिन से कोरबा तहसील तहसीलदार विहिन बनी हुई है। ऐसी स्थिति में राजस्व काम प्रभावित होने के साथ साथ पटवारियों की पदस्थापना सूची जारी होने में भी तकनीकी कारण खड़े हो गए हैं। नए तहसीलदार के पदस्थापना के बाद ही पटवारियों के पदस्थापना का काम शुरु हो पाएगा। संभवतः मंगलवार तक कोरबा तहसील का प्रभार किसी तहसीलदार को दिया जा सकता है।

# जंगल के बीच 112 वाहन में गूंजी बच्चे की किलकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम खोटखोरी में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने की सूचना मिलने पर 112 की टीम मौके पर पहुंची। गर्भवती महिला को अस्पताल लाने के दौरान बीच जंगल में ही प्रसव पीड़ा बढ़ने पर मितानिनों की सलाह पर वाहन जंगल में रोका गया। जिसके बाद मितानिनों की मदद से ईआरपी वाहन में प्रसव कराया गया। जिसके बाद जच्चा एवं बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं।

जानकारी के अनुसार खोटखोरी की रहने वाली एक 22 वर्षीय संगीता कुजूर को प्रसव पीड़ा होने पर 112 को सूचना दी गई। चालक संजय कुमार और आरक्षक राम सिंह श्याम की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। महिला को उसके परिजनों और मितानिन प्रेमाबाई की मदद से वाहन में बैठाया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में ही प्रसव पीड़ा बढ़ गई। मितानिन की सलाह पर वाहन को जंगल में रोका गया। वहीं ईआरवी वाहन में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। संगीता ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। जच्चा-बच्चा दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



अस्पताल परिसर में जच्चा बच्चा एवं पुलिस कर्मी।

### मितानिनों को दिया जाता है प्रशिक्षण

स्वास्थ्य विभाग मितानिनों को प्रसव के लिए विशेष प्रशिक्षण देता है। इससे आपात स्थिति में सुरक्षित प्रसव कराया जा सकता है। हालांकि, जंगल के बीच प्रसव के दौरान परिवार को जंगली जानवरों का डर सता रहा था।

# कोल अधिकारियों की वेतन विसंगति 11वें जेबीसीसीआई पर संकट के बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया लिमिटेड में अधिकारियों की वेतन विसंगति को लेकर दायर मुकदमे ने 11वें जेबीसीसीआइ को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस मामले में अब 12वें जेबीसीसीआइ के गठन पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। आरोप है कि 11वें जेबीसीसीआइ के गठन में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज (डीपीई) के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया।

कोल माइंस ऑफिसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एपेक्स बॉडी ने कोल इंडिया अध्यक्ष से मुलाकात कर वेतन विसंगति को दूर करने की मांग की है। संगठन का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही कोल इंडिया अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल से मिलेगा और अपनी मांगों को लेकर चर्चा करेगा। इस मामले में जबलपुर हाईकोर्ट के डबल बेंच में सुनवाई हो रही है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कोयला मंत्रालय और डीपीई को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। अब सभी की नजरें डीपीई के जवाब पर टिकी हैं, जो 12वें जेबीसीसीआइ के भविष्य का फैसला कर सकता है। जानकारों का मानना है कि जब तक अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर नहीं होती, 12वें जेबीसीसीआइ का गठन अधर में रहेगा। 11वें वेतन समझौते का समाधान नहीं होने से 12वें जेबीसीसीआइ के गठन पर भी असर पड़ सकता है। कोल अधिकारियों की मांग है कि वेतन विसंगति को दूर किया जाए और डीपीई के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए वेतन समझौता किया जाए। अब देखना यह है कि कोयला मंत्रालय और डीपीई इस मामले में क्या जवाब देते हैं और इसका 12वें जेबीसीसीआइ के गठन पर क्या असर पड़ता है।

**खास बात**
- जबलपुर हाईकोर्ट के डबल बेंच में चल रही सुनवाई



फाइल फोटो

## सरगबुंदिया के ग्राम इमलीभांठा में संचालित सुरूचि क्लीनिक का मामला

# क्लीनिक संचालक लाइसेंस व अन्य दस्तावेज सहित जांच के लिए तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आयुर्वेदिक चिकित्सक द्वारा एलोपैथिक उपचार किए जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए करतला बीएमओ ने सुरूचि क्लीनिक के चिकित्सक को लाईसेंस सहित आवश्यक दस्तावेजों के साथ जांच के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

करतला ब्लॉक के सरगबुंदिया इमलीभांठा में संचालित सुरूचि क्लीनिक में करतला बीएमओ डॉ.रश्मि सिंह ने औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक में मरीजों का ईलाज करते पाए गया था। इसके अलावा अन्य कक्ष में जांच उपकरण व दवाईयों के साथ एक महिला को आरएल का बॉटल लगा पाया गया था। जिसके बाद करतला बीएमओ डॉ.रश्मि सिंह ने इस संबंध में उपचार केंद्र संचालन के लिए लायसेंस व आवश्यक सभी दस्तावेज के साथ 3 दिवस भीतर उपस्थित होकर जांच कराने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलीभांठा (सरगबुंदिया) में सुरुचि क्लीनिक नाम का एक उपचार केंद्र चलाया जाता हैं। सूत्रों की मानें तो यहां के चिकित्सक प्रदीप सिंह कश्यप बीएएमएस (आयुर्वेद) की डिग्री लेकर एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति से उपचार करते है। प्रदीप सिंह कश्यप एक मकान में निजी क्लीनिक का संचालक करते है। बताया जाता है कि अवैध रूप से क्लीनिक संचालक का मामला करतला बीएमओ तक पहुंचा, जिसके बाद डॉ.प्रदीप सिंह कश्यप को आवश्यक दस्तावेज एवं लायसेंस संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। फिलहाल चिकित्सक द्वारा कुछ दस्तावेज पेश किए गए हैं जिसके उनके आयुर्वेदिक चिकित्सक होने की बात तो स्पष्ट है। अन्य दस्तावेजों के उपलब्ध होने के बाद मामले में विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।



ग्राम इमलीभांठा में संचालित क्लीनिक।

### नियमानुसार होगी कार्रवाई

डॉ.प्रदीप सिंह कश्यप आयुर्वेदिक चिकित्सक है उन्हें एलोपैथिक उपचार का अधिकार नहीं है। इसे लेकर लाइसेंस व अन्य दस्तावेज मांगे गए हैं। कुछ दस्तावेज संबंधित चिकित्सक द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। अवकाश होने की वजह से अन्य दस्तावेज जमा नहीं हुए हैं। दस्तावेजों के जमा होने के बाद नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

-डॉ.रश्मि सिंह, बीएमओ

## खबर संक्षेप

### एनएचएम कर्मचारी संघ का महासम्मेलन कल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का एक दिवसीय राज्य स्तरीय महासम्मेलन बिलासपुर स्थित स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. अमित मिरी और प्रदेश महासचिव कौशलेस तिवारी ने जानकारी दी कि इस सम्मेलन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व स्वास्थ्य एवं वित्त मंत्री अमर अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। एनएचएम कर्मचारी संघ का कहना है कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना सेवाएं दीं, लेकिन इसके बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महासम्मेलन के माध्यम से वे सरकार का ध्यान अपनी लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराएंगे।

### पूर्व राजस्व मंत्री शरबत सेवा का शुभारंभ करेंगे आज

**कोरबा।** गर्मियों में राहगीरों को राहत पहुंचाने और सामाजिक सेवा की भावना के तहत पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के टीपी नगर स्थित कार्यालय के सामने 14 अप्रैल को निःशुल्क शीतल शरबत सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। सुरेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी दोपहर 11 बजे शुरू होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल स्वयं उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले 14 वर्षों से लगातार गर्मियों के दौरान इस स्थान पर राहगीरों को निःशुल्क शीतल पेय उपलब्ध कराया जा रहा है। इस सेवा के तहत विशेष रूप से मैंगो और ऑरेंज फ्लेवर के शरबत राहगीरों को वितरित किए जाते हैं। शुभारंभ के अवसर पर सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों तथा कोरबा वासियों को आमंत्रित किया गया है।

### आज से बजेगी शहनाई इस माह विवाह के 9 मुहूर्त

**कोरबा।** लंबे इंतज़ार के बाद अब समय आ गया है जब शहनाइयों की मधुर धुन से घर-आंगन महक उठेंगे। 13 अप्रैल को मलमास (अधिक मास) की समाप्ति के साथ ही शुभ कार्यों पर लगी रोक हट जाएगी, और फिर से शादी-ब्याह जैसे मांगलिक कार्यों का पावन सिलसिला शुरू हो जाएगा। पंडितों के अनुसार, अप्रैल माह में विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध हैं। 14 से 30 अप्रैल के बीच कुल 9 शुभ तिथियाँ हैं, जिनमें विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य किए जा सकते हैं।

### फ्री न्यूरोथैरेपी उपचार कैंप का आयोजन

**कोरबा।** निहारिका रवि डैरी के पीछे काशीनगर में रविवार की सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक न्यूरोथेरेपी सेंटर में आयोजित निःशुल्क न्यूरो थैरेपी उपचार शिविर में 150 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही। जिन्हें, सर्वाइकल, घुटने दर्द, स्लिप डिस्क, सीपी चाइल्ड आदि रोगों से निजात दिलाने, बिना दवाई, बिना मशीन के, डॉ प्रकाश परतेती एवं उनके विशेष सहयोगी, नितेश, देवयानी और प्रियंका ने बेहतर इलाज कर लाभान्वित किया।

### बालको में मनाया जाएगा सद्भावना दिवस आज

**कोरबा।** अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को दोपहर 3 बजे से मंगल भवन जोन कार्यलय के समीप बालको में सद्भावना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम एवं उद्योग वाणिज्य मंत्री लखन लाल देवांगन होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर संजू देवी राजपूत करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में राजेश कुमार सीईओ वेदांता ग्रुप बालको, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, नरेन्द्र देवांगन एमआईसी मेम्बर, कृपाराम साहू निगम के नेता प्रतिपक्ष, हितानंद अग्रवाल एमआईसी मेम्बर, विकास डालमिया उपस्थित रहे।

### आधार कार्ड से आहरण के नाम पर 10 हजार की ठगी

**कोरबा।** जटगा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घुमानीडाड निवासी तेजराम पिता बीरसाय ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह पैसे की लेनदेन के लिए अपने नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र गया हुआ था। ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक देवराज सिंह तवर पिता महेन्द्र सिह तंवर ने तेजराम को बताया कि सर्वर डाउन है और तेजराम का अंगूठा लगवाया गया। तेजराम का अंगूठा लगाकर देवराज ने 10 हजार रुपए दे दिया फिर दूसरा अंगुठा लगवा के फिर से 10 हजार निकाला और वो पैसा तेजराम को नही दिया और शेष राशि भी नहीं बताया। जब तेजराम ने अपने बैंक खाता का स्टेटमेंट निकाला तो उसमें 2 बार 10 हजार रुपए की रकम आहरण दर्ज है जबकि देवराज द्वारा तेजराम को सिर्फ एक बार 10 हजार रुपए दिया गया। इस तरह देवराज ने 10 हजार रुपए की ठगी की।

13 korba-pg2_Layout 1 4/14/2025 12:02 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### उद्योग मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ लगाया झाड़ू, दिया स्वच्छता का संदेश

**कोरबा।** भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान के क्रम में रविवार को कोसाबाड़ी मंडल द्वारा आयोजित घंटाघर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर परिसर में मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सरजू अजय, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, ललेश दुबे, पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद राकेश वर्मा, पार्षद अजय गोंड, अनिल वस्त्रकार, दिनेश वैष्णव सहित बड़ी अधिक में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राजकुमार लायंस एम्बेसडर गोल्डन पिन से सम्मानित



**कोरबा।** जबलपुर (मध्यप्रदेश) में तीन दिवसीय द इंटरनेशल एसोसिएशन ऑफ लायंस क्लब्स डि 3233 सी की डिस्ट्रिक्ट कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। जिसमें डिसट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय का चुनाव संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकुड़ा मड़वारानी के चेयरमेन पीएमजेएफ लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल को लायंस एम्बेसडर गोल्डन पिन से उपस्थित लायन अतिथियों ने सम्मानित किया। लायन अग्रवाल को यह सम्मान कोरबा में लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के बैनरतले विभिन्न एवं अद्भूत रचनात्मक कार्यों के लिए दिया गया। लायन डॉ.अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय कार्यों को धरातल पर क्रियान्वित किया है। इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों में भी उनकी सेवाभावना का कोई मोल नहीं है। मानवीय सेवा में उनके योगदान से कई लाभान्वित हुए हैं। इनके अलावा उनका कई रचनात्मक कार्य उल्लेखित हैं।

### पूर्वांचल का होली मिलन सम्मान समारोह



**कोरबा।** पूर्वांचल विकास समिति केंद्रीय द्वारा आयोजित होली मिलन सम्मान समारोह तथा भवन लोकार्पण का कार्यक्रम संपन्न हो गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथियों में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, बांकीमोंगरा नगर पालिक परिषद के अध्यक्ष श्रीमती सोनी झा उपस्थित रहे। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि हर क्षेत्र में कुछ ऐसे समाज विरोधी लोग अपने हथकंडा के माध्यम से सामाजिक समरसता का माहौल दूषित करने का प्रयास करते हैं उनसे सतर्क रहने की जरूरत है। छत्तीसगढ़ में जो निवासरत नागरिक है वे सभी छत्तीसगढ़ के मुख्य धारा से जुड़कर छत्तीसगढ़ के संस्कृत समरसता व विकास में अपनी महती योगदान दे रहे हैं उनका सम्मान हर समाज को करना चाहिए। इस अवसर पर कमलेश यादव, डॉ राजीव सिंह, रामाश्रय पांडे, विनय कुमार राय, अशोक सिंह उपस्थित थे।

### श्रीअखंड रामचरित्र मानस में पहुंचे कटघोरा विधायक

**हरदीबाजार।** एकदिवसीय रामचरित्र मानस गायन का आयोजन ग्राम उतरदा के खाल्हेपारा में गुरुवार को सम्पन्न हुआ। श्री राम कथा श्रवण के लिए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कथा श्रवण कर पूजा पाठ करते हुए क्षेत्र में सुख शांति की कामना किया गया। जिसमें आचार्य पंडित पुष्पेंद्र शुक्ला द्वारा श्री रामचरित्र मानस पूजा पाठ किया इस दौरान गायन कीर्तन एवं प्रवचन श्रवण करने के लिए ग्रामीण जन भारी संख्या में पहुंचे कार्यक्रम को सफल बनाने में मनहरण राठौर, राधे राठौर, हरि राठौर, समोस सागर, मानू राठौर, संतोष राठौर, सुरेंद्र राठौर, प्रकाश राठौर, दिनेश राठौर, मनीष राठौर, चमरू सागर, हीरा लाल वड़कड़े, लक्ष्मी प्रसाद, टिकेंद्र राठौर, मुकेश राठौर सहित महिला समिति का योगदान रहा।

## माता शाकंभरी देवी मंदिर की हुई प्राण प्रतिष्ठा

# मरार समाज की महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्थानीय पुराना पानी टंकी के समीप सर्वोदय नगर में मां शांकभरी देवी मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बीते शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में मरार समाज की कुंवारी कन्याएं और महिलाएं शामिल हुई जो आकर्षक हरे और पीले रंग की परिधान में सिर पर कलश लिए भक्तिभाव से कड़ी धूप में आगे बढ़ रही थी। जबकि पुरुष पीले- सफेद वस्त्र धारण किये पारंपरिक वाघों की धुन में भजन गाते एवं नृत्य करते हुए आकर्षक का केंद्र बने हुए थे। यात्रा की शुरुआत टीपी नगर स्थित श्रीराम-सीता मंदिर से हुई जो मुख्यमार्ग होते हुए प्राचीन शिवमंदिर, गांधी चौंक, पुराना बस स्टैंड व महामाया मंदिर होते हुए नवनिर्मित मंदिर प्राण प्रतिष्ठा स्थल पर पहुँची। इस आयोजन से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। मंदिर परिसर में कन्याओं व महिलाओं ने परिक्रमा कर जल से भरे कलश स्थापित किये। जहां भोयरा मरार समाज के जिलाध्यक्ष रामफल पटेल के अगुवाई में विधि- विधान से पूजा अर्चना व वैदिक मंत्रोच्चार, अनुष्ठान से वातावरण भक्तिमय हो उठा और श्रद्धालु भक्तिभाव में लीन दिखे। इस दौरान यज्ञ के साथ नौ कन्याओं की गौरी पूजा कर उनके पांव धोकर पूजा कर आशीर्वाद लिया गया तथा समाज के लोगों ने अपने आराध्य देवताओं की पूजा- अर्चना कर उनकी कृपा व अमन चैन खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में शामिल बतौर मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने संबोधन में कहा कि शाकंभरी माता एक शक्तिशाली और पूज्यनीय अवतार है। जिन्होंने पृथ्वी पर अकाल और गंभीर खाद्य संकट को कम करने के लिए अवतार लिया। शांकभरी माता को सब्जियों, फलों और हरी पत्तियों की देवी के रूप में भी जाना जाता है। कार्यक्रम में मरार समाज के प्रदेश अध्यक्ष आत्मानारायण पटेल, सुरित राम पटेल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी व भारी संख्या में महिला, पुरुष उपस्थित थे।



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं एवं युवतियां।

# दिनभर रही तेज धूप, शाम को बदला मौसम, हवा के साथ हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मौसम में पिछले तीन दिनों से रुक रुककर हो रहे बदलाव से दिन में तेज धूप और शाम को तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से लोगों को गर्मी से जहां राहत मिल रही है वहीं शहर के उपनगरीय व ग्रामीण अंचलों में बिजली तार टूटने से घंटों बिजली गुल हो रही है।

मौसम में आये बदलाव से दिन ढलने के बाद लोगों को तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने पर दिन के तेज तापमान से कुछ राहत मिल रही है। वहीं देर शाम तक बिजली गुल रहने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पूर्व तेज बारिश से कई स्थानों में पेड़ गिरने की घटनाएं हुई थी और लोगों को गर्मी से राहत तो मिली थी। रविवार सुबह से ही हवाएं चल रहीं थीं किंतु दोपहर होते ही तेज धूप से बढ़े हुए तापमान ने लोगों को हलाकान कर दिया था। अचानक शाम 4 बजे के बाद आसमान में बादल छाने लगे और तेज हवाएं चलने से शहर के कई स्थानों में हल्की बारिश भी हुई। बारिश का यह दौर हालांकि ज्यादा नहीं चला किंतु दिनभर की तपीस से लोगों को राहत जरुर मिली। वर्तमान में मौसम की स्थिति लगातार बिगड़ने पर आम लोगों को ठंड और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। तीन दिन पूर्व तेज बारिश से तापमान में गिरावट होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली थी।



मौसम बदलते ही हल्की बारिश के साथ आसमान में छाए बादल।

### बार-बार गुल होती रही बिजली

रविवार की शाम जैसे ही मौसम ने करवट ली बिजली भी बार बार गुल होती रही। शहर के मुख्यमार्गों सहित मार्केट, आवासीय कॉलोनियों में बार बार बिजली गुल होते रही। उपनगरीय क्षेत्रों के कई स्थानों में घंटों बिजली गुल रही। कई स्थानों में बिजली के तार टूटने के कारण शाम 7 बजे के बाद तक सुधार कार्य चलता रहा। शहर का खरमोरा क्षेत्र बिजली के बार बार गुल होने से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्रों में है। कई स्थानों के तार टूटने के कारण विभागीय कर्मी भी बिजली सुधार के लिए देर से पहुंचने में लोगों को घंटों अंधेरा में रहना पड़ता है।

# बैसाखी पर्व पर मुस्लिम समाज ने गुरुद्वारा पहुंचकर दी बधाई



गुरुद्वारा पहुंचे मुस्लिम समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रविवार को खालसा पंथ स्थापना दिवस एवं बैसाखी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने इस दिन ही खालसा पंथ की शुरुआत की थी। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी गुरुद्वारों में भव्य आयोजन कर सिख पंजाबी बंधु आराधना कर एक दूसरे को बधाइयां दे रहे हैं। उसके साथ ही विभिन्न समुदाय के लोग भी उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। इसी तारतम में आज कोरबा सुन्नी मुस्लिम जमात एवं युथ मुस्लिम कमेटी ने ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंचकर सिख समुदाय को अपनी बधाइयां पेश की। सिख समाज ने भी बड़ी आत्मीयता से मुस्लिम बन्धुओं का स्वागत किया और गुरु वाणी के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर सुन्नी मुस्लिम जमात के कार्यवाहक सदर मोहम्मद रफीक मेमन, कोषाध्यक्ष नौशाद खान, हाजी मकबूल खान युथ मुस्लिम कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा आसिफ बेग (निशु) मोहसिन मेमन, मोहम्मद समीर, मोहम्मद आबिद, मोहम्मद ईशान, आफताब मिर्जा मो. अख्तर साहिल मेमन नोमान सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।

### कुसमुंडा में मनाया गया बैसाखी पर्व



कुसमुंडा नगर में स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार को बैसाखी और खलासा साजना पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारे में कीर्तन दरबार सजाया गया और गुरु ग्रंथ साहब को फूलों और गुब्बारों से सजाया गया। रागी जत्थों ने शबद-कीर्तन कर संगत को निहाल किया। गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बैसाखी पर्व के अवसर पर सुबह आठ बजे अखंड पाठ की समाप्ति हुई, जिसके बाद कीर्तन दरबार सजाकर शबद-कीर्तन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को बैसाखी की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सभी समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारे में मत्था टेकने के साथ लंगर भी छका। गुरुद्वारे में उमड़ी भीड़ ने इस पर्व को और भी खास बना दिया। बैसाखी सिख समुदाय का एक प्रमुख पर्व है, जो सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा खालसा पंथ की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व सिखों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसे धूमधाम से मनाया जाता है।

## ऑफलाइन आंकलन में बच्चों का परखा गया शैक्षणिक स्तर

**कोरबा।** एफएलएन टास्क अंतर्गत आफलाइन अवलोकन हेतु डाइट प्रभारी किरण लता शर्मा, एसआर प्रिया दुबे, एसआरजी संतोष कर्ष, डीआरजी तीजराम पटेल, जितेंद्र कुमार भारद्वाज एंव संकुल समन्वयक लेपरा, सीएसी संघ अध्यक्ष पोंडी उपरोड़ा पीला साव साहू एवं नंद कुमार राज के साथ विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के शासकीय प्राथमिक शाला नानलेपरा का आकलन किया गया। मुख्यालय से लगभग 15 किलोमीटर पश्चिम दिशा पर स्थित है यहां पर दो शिक्षिका श्रीमती सविता लता एंव श्रीमती माधुरी तंवर पदस्थ हैं। यहां बच्चों की कुल संख्या 58 है जहां पर कक्षा 2 के बच्चों को एफएलएन अंतर्गत टास्क दिया गया था।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज रफ्तार पिकअप...

पृष्ठ 1 का शेष

रवाना हुए थे। परिवार के लोग पिकअप के डाला में बैठकर उरगा थाना क्षेत्र के मड़वारानी-जर्वे के पास सुबह लगभग 11.30 ग्राम मुकुंदपुर के पास पहुंचे ही थे, तभी तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरे तरफ बने नहर में जा गिरी। हादसे के होते ही पिकअप वाहन में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई और किसी तरह परिवार के लोग नहर में तैर कर बाहर निकल पाये। वहीं पिकअप में सवार ईतवारी बाई 60 वर्ष, तान्या साहू 8 वर्ष, नमन 2 वर्ष, मानमती कंवर 70 वर्ष और जामबाई कंवर 70 वर्ष नहर के तेज बहाव में बह गये। इस हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी व उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी नगर सेना के गोताखोरों के साथ पुलिस की टीम रेस्क्यू में जुट गयी। घंटों मशक्कत के बाद शाम को पड़ोसी जिले सक्ती नगरदा नहर से लापता इतवारी बाई के लाश को जीरो पाइंट नहर से बरामद कर लिया गया है जबकि तान्या साहू, नमन, मानमती, जामबाई लापता हैं जिनकी खोजबीन की जा रही है।

# बालको के ई-0 श्रेणी के कर्मियों को नहीं मिल रहा चिकित्सीय सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जयसिंह अग्रवाल

पूर्व राजस्व मंत्री मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने बालको प्रबंधन द्वारा पुराने कर्मचारियों के साथ की जा रही भेदभावपूर्ण कार्य शैली पर नाराजगी जताते हुए केंद्र सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को पत्र लिखकर कर्मचारियों के हितों की रक्षा व प्रबंधन की कार्यशैली पर अंकुश लगाने की मांग की है।

पूर्व मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि बालको प्रबंधन ने लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को ई-0 श्रेणी में पदोन्नत किया था। जिसके बाद सभी कर्मचारी व उनके आश्रित बालको चिकित्सालय में निःशुल्क उपचार की सेवा ले रहे थे पर अब उन्हें इससे वंचित कर दिया गया है और नई व्यवस्था के तहत मेडिकल क्लेम व एक निश्चित राशि की प्रतिपूर्ति प्राप्त करने के दायरे से बाहर हो गए हैं। इस बदलाव से उन कर्मचारियों को बुजुर्ग माता-पिता के इलाज हेतु बड़े पैमाने पर अतिरिक्त धनराशि व्यय करने की आवश्यकता पड़ रही है जो मेडिक्लेम के तहत प्रतिपूर्ति की सीमा से बहुत अधिक है। अब वे वार्षिक बोनस के लाभ से भी वंचित हो गए हैं। इतना ही उनके लिए अब कार्य के घंटों की कोई निर्धारित सीमा नहीं रह गई है। कार्यपालकों को प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उन्हें मिलता नहीं और वर्तमान में वे कामगार रह नहीं गए हैं। इसके अलावा समूह की अन्य कम्पनियों में स्थानांतरित कर दिए जाने की धमकियां प्रबंधन द्वारा उन्हे अलग से मिलती रहती हैं। उक्त सभी कर्मी पदोन्नत होकर वापस कामगार श्रेणी में अपने पूर्व पद पर रहते हुए काम करना चाहते हैं जिसके लिए यदि प्रबंधन चाहे तो वे शपथ पत्र भी देने को तैयार हैं। उन्हें कार्यपालक बनने का कोई शौक नहीं है क्योंकि ई-O श्रेणी में रहते हुए उन्हें अनेक सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है और बड़े पैमाने पर आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। इसके साथ ही वेदांत समूह की उड़ीसा अथवा राजस्थान स्थित कम्पनियों में कहीं भी स्थानांतरण कर दिए जाने की तलवार उनकी गर्दन पर अलग से लटकती रहती है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि पदोन्नत किए गए प्रायः सभी कर्मचारी छत्तीसगढ़ राज्य से कोरबा व आस-पास के जिलों से ही हैं जो आवश्यकतानुसार एक-दो दिन की छुट्टियों अथवा साप्ताहिक अवकाश में अपने गृहग्राम जाकर पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन भी कर लेते हैं जो उड़ीसा अथवा राजस्थान जाने के बाद उनके लिए सम्भव नहीं हो पाएगा।







13 korba-pg3_Layout 1 4/13/2025 11:18 PM Page 1



# डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर विशेष....


































13 korba-pg4_Layout 1 4/14/2025 12:01 AM Page 1



## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने मंत्री से की मुलाकात

**कोरबा।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छत्तीसगढ़ प्रदेश संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमति लक्ष्मी राजवाड़े से मुलाकात कर अपनी मांगों और समस्याओं को रखते हुए चर्चा की। सभी मांगों के बिंदुओं पर चर्चा की श्रीमती राजेवाड़े द्वारा हमारी पोषण ट्रेकर ऐप में आ रही दिक्कतों को दूर करने और फेस कैप्चर ईकेवायसी पर प्रेशर न देने की बात कही गई। साथ ही अच्छी गुणवत्ता और स्टोरेज की मोबाइल के लिए भी श्रीमती राजवाड़े ने सहमति जाहित की है। साथ ही शासकीय कर्मचारी घोषित करने की मांग को लेकर उनके द्वारा केंद्र सरकार के पास मांगों को रखने की बात कही।

### बच्चों की ऊंचाई व वजन का हुआ सत्यापन



**कोरबा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत सेक्टर डूमरडीह परियोजना ग्रामीण में 1 हजार दिवस थीम के आधार पर जानकारी प्रदान की गई। जिसमें गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। सी सेम मॉड्यूल के बच्चों का ऊँचाई व वजन की भी सत्यापन किया गया। इस दौरान नकटीखार पंचायत के सरपंच, सेक्टर पर्यवेक्षक, गर्भवती, शिशुवती, किशोरी समूह की महिलाएं, ग्रामवासी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गौ आधारित विषय पर एक दिवसीय बैठक



**कोरबा।** बिलासपुर संघ कार्यालय में गौ आधारित विषय पर एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय अधिकारी सह संयोजक, गौ सेवा गतिविधि के नवल किशोर मुख्य प्रवक्ता के रूप में उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल ने भी बैठक में भाग लिया और गौ आधारित विषयों पर महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में गाय के महत्व को प्रभावी रूप से स्थापित करना था। विशेष रूप से स्वावलंबी सुरभी ग्राम संकुल योजना के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी बनाना और नगरों में गौव्रती एवं गोभक्त संस्कृति को बढ़ावा देना बैठक का केंद्रीय बिंदु रहा। इस योजना के अंतर्गत गौ आधारित विभिन्न आयामों जैसे–जैविक खेती, पंचगव्य उत्पाद, गोशालाओं का सशक्तिकरण तथा ग्राम विकास की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। इस बैठक में प्रांत संयोजक इरन्ना सपारे, प्रांत सह संयोजक जितेन्द्र साहू, बिलासपुर जिला संयोजक अमित पाण्डेय, जिला संयोजक लालिमा जायसवाल, हरिकृष्णा गोशाला अध्यक्ष दिन दयाल देवांगन सहित विभिन्न विभागों के सदस्य उपस्थित रहे।

### आकृति महिला समिति ने प्याऊ घर का किया उद्घाटन



**कोरबा।** श्रीमती शशि दुहन श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर के प्रेरणादायी सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर आकृति महिला समिति, शाखा कोरबा (सेंट्रल वर्कशॉप एवं सेंट्रल स्टोर) द्वारा सार्वजनिक प्याऊ घर का 12 अप्रैल को वालीबॉल ग्राउंड, मानिकपुर के सामने राहगीरों के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर पर राहगीरों के लिए भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गुड़, चना, तरबूज, खीरा, अंगूर, शीतल जल एवं शरबत की व्यवस्था की गई। साथ ही बेजुबान जानवरों एवं पशु पक्षियों के लिए पेयजल सुविधा सुनिश्चित की गई है। समिति द्वारा दो जगह वालीबॉल ग्राउंड एवं रविशंकर रोड एसबीएस कॉलोनी पर सार्वजनिक प्याऊ का नियमित संचालन इस क्षेत्र से गुजरने वाले यात्रियों, मानिकपुर और रेलवे स्टेशन जाने वालों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। इस आयोजन में आकृति महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती धनलक्ष्मी सूर्यवंशी, सचिव सीमा राव, कोषाध्यक्ष तृप्ति नागराले तथा सदस्या श्रद्धा गुप्ता, रश्मि टंडन, निषाद परवीन, अंजू पांडे सुनीता जैन और अर्चना दुबे सहित अन्य उपस्थिति रहीं।

## मुनगाडीह एनीकट से पानी लाकर करना था सप्लाई

# करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी जलावर्धन योजना नहीं हो सकी शुरु

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली नगर पंचायत और आसपास के ग्रामों में पानी सप्लाई के लिए बनाई गई जलावर्धन योजना आज भी शुरु नहीं की जा सकी है। जिस एनीकट से पानी लाकर नगर पंचायत में आपूर्ति करना था। वह एनीकट गर्मी में पानी के संकट से जूझता है। ऐसे में करोड़ों रुपए खर्च कर तैयार की गई जलावर्धन योजना के अस्तित्व पर सवाल खड़ा हो गया है।

**खास बात**

- पाईप लाइन बिछाने के साथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनकर तैयार

पाली नगर पंचायत गठन के बाद क्षेत्र की सबसे बड़ी पेयजल समस्या के निराकरण के लिए जलावर्धन योजना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा वर्ष 2019 में तैयार की थी। इस योजना के अंतर्गत मुनगाडीह एनीकट से पानी लाकर नगर पंचायत के वार्डों में और नगर पंचायत की सीमा से लगे ग्रामों के कुछ मोहल्लों में पानी सप्लाई करना था। योजना की जब शुरुआत हुई तब लोगों को यह उम्मीद जगी की जल्द ही नगर की पेयजल की समस्या का निराकरण हो जाएगा। मुनगाडीह में सिंचाई विभाग का पहले से ही एनीकट निर्माण था। बारहमासी नाले में सिंचाई विभाग ने एनीकट बनाया था। उस एनीकट के पानी का उपयोग पाली नगर की पेय जल समस्या के निराकरण के लिए किया जाना था। पाईप लाइन बिछाने के साथ साथ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट भी तैयार किया। योजना तैयार होने के बाद उसके शुरु होने को लेकर अब तक सवाल खड़े होते रहे हैं। इस गर्मी में भी पानी मिलना कठिन प्रतीत होता है।



एनीकट के समीप योजनागत तैयार किया गया इंटेकवेल टैंक।

**8 करोड़ की लागत**

एनीकट से पानी लाकर नगर पंचायत के घर घर तक नल कनेक्शन देकर पेयजल आपूर्ति के लिए तैयार जलावर्धन योजना में 8 करोड़ रुपए की एक बड़ी राशि खर्च हो चुकी है। पाली नगरवासियों की मानें तो जिस स्थान पर एनीकट बना है गर्मी के समय उस एनीकट में पानी उतना नहीं रहता कि उससे पाली नगर के हर वार्ड में पानी की सप्लाई हो सके। यही कारण है कि मई और जून माह में पानी का जल स्तर एनीकट में कम हो जाता है।

**खदान से घट रहा जल स्तर**

पाली क्षेत्र से लगे ग्राम सरईपाली बुड़बुड़ में कोयला खदान खुलने से पाली नगर पंचायत क्षेत्र का जल स्तर गिरने लगा है। दिनों दिन यह समस्या गहराते जा रही है। जलावर्धन योजना से आम लोगों को इस समस्या से निजात मिलने की पूरी उम्मीद थी। विभाग भी नगरवासियों को पानी सप्लाई का आश्वासन देते आया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने भी इस समस्या के लिए जिला प्रशासन तक अपनी बातें पहुंचाई हैं।

**पांच हजार से अधिक आबादी होती लाभान्वित**

पीएचई की जलावर्धन योजना से पाली नगर पंचायत क्षेत्र की 5 हजार से अधिक आबादी लाभान्वित होती। इसके अलावा व्यवसायिक परिसर और शासकीय दफ्तरों में भी पानी की सुविधा मिल जाती। इसके अलावा जलकर के रुप में नगर पंचायत को राजस्व आय का साधन मिल जाता। किंतु योजना के पूरी तरह शुरु नहीं होने पर नगर पंचायत भी जलकर की वसूली नहीं कर पा रहा है।

**फरवरी में होना था शुरु**

सांसद प्रतिनिधि व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री प्रशांत मिश्रा ने बताया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा फरवरी माह में जलावर्धन योजना शुरु होने की जानकारी दी गई थी। किंतु दो माह गुजर चुके हैं योजना शुरु नहीं हो सकी है। एनीकट में जितना पानी है उससे नगर में पाली सप्लाई होना मुश्किल है।

# विवाहिता की हत्या, पति पर संदेह, खोजबीन में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



एक विवाहिता की घर में संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। जबकि उसका पति अपने 2 साल के मासूम पुत्र को लेकर फरार हो गया है। विवाहिता की मौत कैसे हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पायी है। प्रथम दृष्टया जांच के दौरान विवाहिता की हत्या की बात सामने आ रही है और पति पर ही संदेह जाहिर किया जा रहा है। जिसकी पुलिस खोजबीन में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रामसागरपारा स्थित एक मकान में दुर्गा राजपूत उम्र लगभग 23 वर्ष पति राज कुमार राजपूत एक साथ रह रहे थे। पुलिस के मुताबिक 2 वर्ष पहले ही दुर्गा ने राजकुमार से दूसरी शादी की थी। 4 माह पहले ही दुर्गा ने बच्चे को जन्म दिया था। बताया जाता है कि शादी के कुछ माह बाद से ही दोनों पति पत्नी में अक्सर वाद विवाद हुआ करता था। रविवार की दोपहर लगभग 1 बजे पुनः पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था। कुछ देर बाद मकान से बच्चे की रोने की आवाज आने लगी तब पड़ोसी ने जाकर देखा जहां दुर्गा राजपूत की लाश जमीन में पड़ी हुई थी और पति राजकुमार घर से फरार था जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। पुलिस के मुताबिक राजकुमार अपने दो साल के मासूम बच्चे को लेकर फरार हो गया है। प्रथम दृष्टया जांच के दौरान महिला की गला घोंटकर हत्या की गई है और पुलिस को प्रथम दृष्टया उसके पति राजकुमार पर ही संदेह है जो फरार बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। राजकुमार के पकड़े जाने के बाद ही मामले का खुलासा होगा।

**शराब पीलाकर हत्या करने वाले 2 गिरफ्तार**

कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमपुर शराब भट्ठी के पास 15 मार्च को किशन दुबे ने पुलिस को सूचना दी थी कि बरमपुर शराबभट्ठी के आगे एक अज्ञात पुरुष का शव नहर में पड़ा है। शव की आयु लगभग 40–45 वर्ष प्रतीत हो रही थी। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया। शव की शिनाख्त सुरेन्द्र राय के रूप में हुई। प्रथम दृष्टया हत्या प्रतीत होने पर कुसमुण्डा पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। साइबर सेल कोरबा की सहायता से व मुखबिर तंत्र की सक्रियता से आरोपी जोगेन्द्र सिंह व देवेन्द्र महतो को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सुरेन्द्र राय से पूर्व परिचय था तथा किसी पुराने विवाद को लेकर दोनों ने मिलकर उसे शराब पिलाकर मारपीट की और नहर में धकेल कर हत्या कर दी। दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर धारा 238, 3(5) बी.पी.एन.एस. के तहत जोड़ा गया। आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है।

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण



निरीक्षण करते एसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा रविवार को कोतवाली थाने का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने में लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। श्री तिवारी ने सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण के निराकरण उपरांत संबंधित आवेदक को की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने अधिकारियों को जनता से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने तथा प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनने के निर्देश दिए।

# विजय छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के चुने गए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

जबलपुर (मध्यप्रदेश) में आयोजित सत्र 24-25 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ ला सुधीर जैन ने इंटरनेशनल डायरेक्टर रमेश प्रजापति (बड़ोदा) के मुख्य आतिथ्य में डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस आयोजित किया गया। जिसमें शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी विजय अग्रवाल को छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुना गया। इस अवसर पर आयोजन अध्यक्ष ला राजीव अग्रवाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, आयोजन सचिव उमेश जैन मंचस्थ रहे। कांफ्रेंस के अंतिम पायदान में चुनाव अधिकारी एमजेएफ बसन्त मिश्रा के द्वारा सत्र 2025-26 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, प्रथम वाइस व द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की घोषणा की गई। जिसमें जिले से पीएमजेएफ विजय अग्रवाल को 99 प्रतिशत मत प्राप्त करते हुए सत्र 2025-26 के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पद के लिए घोषणा की गई। वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रथम के लिए रिपुदमन पुसरी रायपुर व वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर द्वितीय के लिए पवन मलिक सतना निर्वाचित हुए डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के कार्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश के 128 क्लब शामिल है। डिस्ट्रिक्ट 3233 सी में मध्यप्रदेश के 20 जिले व छत्तीसगढ़ शामिल हैं। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बने विजय अग्रवाल का कार्यकाल एक वर्ष का होगा जो कि 1 जुलाई 2025 से प्रारम्भ होकर 30 जून को समाप्त होगा। विजय अग्रवाल ने सत्र 2025-26 के लिए बेहतर बने का नारा दिया। उन्होंने अपनी प्रांतीय संरक्षण मण्डल एवं प्रांतीय कार्यकारिणी घोषित की। विजय अग्रवाल ने पर्यावरण, बच्चो में कैंसर, फूड फार हंगर, ग्रामोत्थान, स्वास्थ सेवाएं, बालिका उत्थान आदि क्षेत्रों में कार्य करने का आह्वान किया।



विजय अग्रवाल को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुने जाने के बाद बधाई देते हुए।

**ये रहे उपस्थित**

पूर्व मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन राजेन्द्र तिवारी, जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व मल्टीपल कौंसिल वाइस चेयरपर्सन डॉ राजकुमार अग्रवाल, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बीके मिश्रा, एमडी माखीजा, अजय धनोंदिया, कैलाशनाथ गुप्ता, दीपक माखीजा, रविशंकर सिंह, गोपाल केडिया, बजरंग अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, वीके सिंह, कुदेशिया, पवन शर्मा, गणेश अग्रवाल, परमानंद अग्रवाल, रितेश केडिया, विक्रम अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कमायिनी दुबे, मीना सिंह, शहनाज शेख, दीपक गर्ग, मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान, सुधीर पांडेय, सन्तोष खरे, नागेंद्र शर्मा, पवन अग्रवाल, पार्वती दास, रेखा अग्रवाल, रोहित राजवाड़े, नूतन राजवाड़े, कैलाश अग्रवाल, शिव जायसवाल, एसएन मुखर्जी, दशरथ राठौर सहित सभी लायन्स क्लब के लायन सदस्य उपस्थित रहे।

## स्थापना दिवस पर उद्योग मंत्री ने लगाई झाड़ू...



**कोरबा।** भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान के क्रम में रविवार को कोसाबाड़ी मंडल द्वारा आयोजित घंटाघर स्थित डॉ.भीमराव अंबेडकर परिसर में मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ.राजेश राठौर, पार्षद नरेंद्र देवांगन, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, सरजू अजय, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग, ललेश दुबे, पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद राकेश वर्मा, पार्षद अजय गोंड, अनिल वस्त्रकार, दिनेश वैष्णव सहित बड़ी अधिक में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 12 प्रकरण में 59 लीटर महुआ शराब जब्त

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जहां अलग अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के कुल 12 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमें 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में चंदन चौहान, दीपक रोहिदास, राधे पांडे एवं पदम दास वैष्णव शामिल हैं, शेष सभी अन्य महिला आरोपी हैं। इन सभी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम एवं एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। इस अभियान के दौरान कुल 59 लीटर अवैध शराब तथा 430 ग्राम गांजा जप्त किया गया।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## नई व्यवस्था के बाद भी दुरुस्त नहीं हुई समस्या

# बरपाली जिल्गा सहित एक दर्जन गांव में लो वोल्टेज की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के दस्तक देते ही वनांचल क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों में पावरकट, लो वोल्टेज की समस्या फिर से शुरू हो गई है। इस क्षेत्र के ग्रामीण लगातार अधिकारियों से लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने गुहार लगा रहे हैं लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है जिससे लगातार उनकी परेशानी बढ़ती ही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र बरपाली जिल्गा सहित आसपास के एक दर्जन गांव को पूर्व में पड़ोसी जिले रायगढ़ हाटी से विद्युत आपूर्ति की जाती थी इस दौरान भी इस क्षेत्र के लोगों को लो वोल्टेज और पावरकट की समस्या का सामना करना पड़ता था अब मौजूदा स्थिति में कोरबा जिले के करतला सब स्टेशन से बरपाली सहित आसपास के एक दर्जन गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है लेकिन इस साल भी इस क्षेत्र के रहने वाले लोगों को गर्मी के दस्तक देते ही लो वोल्टेज की समस्या व पावरकट की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आए दिन यही समस्या बनी हुई है। जिसके कारण उनका ना ही कृषि उपकरण चल पा रहा है और ना ही फ्रीज, कूलर, पंखे चल पा रहे हैं। साथ ही खासतौर पर जब लो वोल्टेज की वजह से मोटर पंप नहीं चल पाते हैं जिसकी वजह से उन्हें पीने के पानी के लिए दूसरे गांव तक जाना पड़ता है। क्षेत्र के लोगों ने इसे लेकर स्थानीय अधिकारियों से गुहार लगाई है कि व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त करें अन्यथा आने वाले दिनों में आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।




**व्यवस्था जल्द किया जाएगा दुरुस्त**

बरपाली और उसके आसपास के क्षेत्र एक दर्जन गांवों को करतला सबस्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जा रही है ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति में रबी फसल के लिए पंप चलाए जा रहे हैं जिसके चलते लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आने वाले दिनों में व्यवस्था को जल्द ही दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।

**-शत्रुघन प्रसाद सोनी** डीई, विद्युत वितरण विभाग कोरबा ग्रामीण




23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST ]

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411